हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 13 मई 2026

04 आरटीआईः जानकारी मांगने पर सरपंच पति...



07 राजगढ़ बाईपास की क्षतिग्रस्त नालियों के...





## खबर संक्षेप

### आधार पंजीयन किट उपलब्ध कराएं

**सीहोर।** सीहोर जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी में आधार पंजीयन कार्य हेतु आधार पंजीयन किट की आवश्यकता है । जिन व्यक्तियों के पास भी आधार पंजीयन किट उपलब्ध है एवं वे अपनी किट जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी सीहोर को निशुल्क प्रदाय करना चाहते है तो वे अपनी मशीन सोसाइटी को दिनांक 18 मई से 1 जून तक विधिवत जानकारी सहित प्रदाय कर सकते हैं । मशीन प्रदाय करने वाले व्यक्ति को जिले में आधार कार्य करने हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सीहोर जिले की वेबसाईट पर विस्तृत जानकारी देख सकते हैं या जिला ई-गवर्नेंस कार्यालय सीहोर में संपर्क कर सकते हैं।

### जनसुनवाई में आए 45 आवेदन

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में




जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### संपर्क अभियान के अंतर्गत 14 मई को लगाए जाएंगे शिविर


**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 14 मई को कलस्टर 01 के विद्युत वितरण केंद्रों पर संपर्क अभियान के अंतर्गत कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप में बिजली उपभोक्ताओं की बिल, मीटर, सर्विस केबल, कनेक्शन एवं तकनीकी सेवाओं संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। जिन स्थानों पर कैंप आयोजित किए जाएंगे उनमें अमलाहा, छतरी, बिजलोन, देवली, खेरी, भाउखेड़ी, महुआखेड़ा, गावंतालाब, करंजखेडा, गुड़भेला, वार्ड न.3, वार्ड न.8, अरनिया सुल्तानपुर, अबदुल्लापुर, चैनपुरा शामिल हैं।

## शिक्षा के मंदिर में डाका, मरम्मत के नाम पर लाखों हड़पे, बच्चों के भविष्य से भ्रष्टाचार का खेल

# कायाकल्प राशि घोटालाः बिना काम के निकाली गई रकम, प्राचार्य के इनकार के बावजूद फंड खपाया

सबसे बड़ा खुलासा बिलकिसगंज संदीपनि स्कूल से हुआ है, जहां प्राचार्य द्वारा राशि लेने से इनकार करने के बावजूद फंड को दूसरे स्कूल में खपाने का मामला सामने आया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर







जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों के भविष्य को संवारने के नाम पर ऐसा खेला गया, जिसने शिक्षा व्यवस्था की नींव तक हिला दी है। स्कूलों की मरम्मत और कायाकल्प के लिए सरकार द्वारा जारी लाखों रुपये कथित तौर पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। कहीं बिना जरूरत दीवारें तुड़वाई गईं, कहीं नए गेट लगाकर पुराने हटाए गए, तो कहीं कागजों में ही मरम्मत पूरी दिखाकर सरकारी खजाने से रकम निकाल ली गई। सबसे बड़ा खुलासा बिलकिसगंज संदीपनि स्कूल से हुआ है, जहां प्राचार्य द्वारा राशि लेने से इनकार करने के बावजूद फंड को दूसरे स्कूल में खपाने का मामला सामने आया है। अब यह पूरा घोटाला जिलेभर में चर्चा और गुस्से का विषय बन गया है।

### नई बिल्डिंग थी, फिर भी मरम्मत के नाम पर खेल

बिलकिसगंज संदीपनि स्कूल में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा था। ऐसे में स्कूल के प्राचार्य पवन शर्मा ने साफ तौर पर विभाग को लिखित में बताया कि उन्हें मरम्मत राशि की आवश्यकता नहीं है। लेकिन आरोप है कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस फंड को भी नहीं छोड़ा। कथित तौर पर इस राशि को श्यामपुर के एक सरकारी स्कूल में मरम्मत के नाम पर खर्च दिखाकर ठिकाने लगा दिया गया। प्राचार्य का पत्र अब पूरे मामले में सबसे बड़ा दस्तावेज माना जा रहा है, जिसने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**जबरन लिखवाए गए "काम पूरे होने" के कागज :** मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि कई स्कूलों में वास्तव में मरम्मत की जरूरत ही नहीं थी। बावजूद इसके, अधिकारियों द्वारा स्कूल प्राचार्यों पर दबाव बनाकर "काम पूरा होने" के दस्तावेज तैयार करवाए गए। सूत्र बताते हैं कि कुछ स्कूलों में केवल दिखावे के लिए दीवारें तुड़वाई गईं और दोबारा बनवाई गईं। कहीं पुराने लेकिन सही हालत वाले गेट हटाकर नए गेट लगा दिए गए। कई जगहों पर केवल खानापूर्ति कर फोटो खींचे गए और फाइलों में लाखों का काम पूरा दिखा दिया गया।

### गरीब बच्चों के नाम पर करोड़ों की बंदरबांट

शासन द्वारा प्रत्येक स्कूल को लगभग साढ़े पांच लाख रुपये की राशि जारी की गई थी। उद्देश्य था कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। लेकिन हकीकत में कई स्कूलों में काम अधूरा पड़ा है, जबकि कई जगह घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ। स्थिति इतनी खराब है कि नई टाइल्स और पुताई कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी। बच्चों को सुरक्षित और बेहतर माहौल देने का सपना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

**आधे-अधूरे काम, लेकिन पूरा भुगतान :** इस पूरे घोटाले में "पूर्णता प्रमाण पत्र" सबसे बड़ा हथियार बनकर सामने आया है। नियमानुसार जब तक विभागीय इंजीनियर और सत्यापन टीम काम से संतुष्ट न हो जाए, तब तक अंतिम भुगतान नहीं किया जा सकता। लेकिन आरोप है कि यहां अधूरे और विवादित कार्यों को भी "पूर्ण" घोषित कर दिया गया। फर्जी तरीके से पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किए गए और लाखों रुपये की पूरी राशि निकाल ली गई।

**जांच के आदेश, दोषियों पर कार्रवाई की बात :** जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि उच्च स्तर से जांच के आदेश प्राप्त हुए हैं। डीपीसी के सहायक यंत्री को मूल्यांकन और तकनीकी जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट में जो भी तथ्य और खामियां सामने आएंगी, उनके आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी बोरिंग पर कब्जे का आरोप पानी को तरसे ग्रामीण, महिलाएं 2 किमी दूर से ला रहीं पीने का पानी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम शेरपुर में ग्रामीण भीषण जल संकट का सामना कर रहे हैं। गांव की महिलाओं ने जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत की है कि एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने सरकारी बोरिंग पर कब्जा कर लिया है, जिससे उन्हें पानी नहीं मिल पा रहा है।

महिलाओं ने बताया कि यह बोरिंग विधायक निधि से लगाया गया था और ग्रामीण इसका उपयोग करते थे। हालांकि, पिछले 15 दिनों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केसर भारती किसी को भी बोरिंग से पानी नहीं भरने दे रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में पानी की भारी किल्लत है। सरकारी हैंडपंप सूख चुके हैं और नलजल योजना की टंकी अभी तैयार हो रही है। कई परिवार पानी के लिए इसी बोरिंग पर निर्भर थे। ग्रामीण महिला राधाबाई ने बताया कि पानी की समस्या इतनी गंभीर है कि उन्हें 2 किलोमीटर दूर ग्राम महुआखेड़ी से साइकिल और अन्य वाहनों से पानी लाना पड़ रहा है, जिसमें काफी समय लगता है। उन्होंने यह भी बताया कि वे इस संबंध में सरपंच और सचिव से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। महिलाओं ने कलेक्टर से सरकारी बोरिंग को कब्जा मुक्त कराने और ग्रामीणों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है। प्रशासन ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## आज करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों का विधायक सुदेश राय करेंगे भूमि-पूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विधायक सुदेश राय बुधवार को दौरे पर रहेंगे। विधानसभा क्षेत्र के हर गांव तक सड़क और हर घर तक विकास के संकल्प को पूरा करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में विधायक सुदेश राय सीधे जनता से फीडबैक लेंगे। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बाउंड्री वॉल और सड़क निर्माण सहित कमरों के निर्माण का भूमि पूजन लोकार्पण विधायक सुदेश राय करेंगे। सरपंच भाजपा नेता कार्यकर्ता ग्रामीण जन विधायक सुदेश राय का स्वागत कर आभार व्यक्त करेंगे।

ग्राम वासियों के द्वारा मुंगावली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदेश राय स्थानीय जनपतिनिधियों बुजुर्गों माता बहनों की विशेष उपस्थिति में 54 लाख 38 हजार रूपए से बनने वाले 2 कक्ष, 2 लैब, व बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमि पूजन करेंगे। इसी प्रकार दोपहर 1 बजे विधायक सुदेश राय की विशेष उपस्थिति में ग्राम सेमरादांगी से बरखेड़ा रोड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न होगा । इस सड़क की लंबाई - 3.8 किलोमीटर होगी सड़क निर्माण पर 356.08 लाख रुपए खर्च आएगा। दोराहा नहर से चैनपुरा तक हुए डामरीकरण कार्य का लोकार्पण विधायक सुदेश राय करेंगे। इस सड़क निर्माण पर 75.05 लाख रूपए की लागत आई है।

अहमदपुर ग्राम पंचायत में 2 कक्ष, 2 लैब, व गेट का निर्माण - 64.91 लाख रुपए से किया जाएगा। कार्यक्रम पूजन कर्यक्रम विधायक राय की उपस्थिति में संपन्न होगा। विधानसभा क्षेत्र के चरनाल में 2 करोड़ 95 लाख रुपए से बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर नवीन भवन का विधायक सुदेश राय शुभारंभ करेंगे। शाम 4 बजे श्यामपुर में 7 कक्ष, बाउंड्री वाल, शौचालय व रोड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम होगा। इस कार्य की लागत 108.62 लाख रुपए है।

## मंदिर जा रहे बुजुर्ग किसान का दिनदहाड़े अपहरण

# हाईवे से कार सवार नकाबपोश उठा ले गए, परिजनों ने जताई रंजिश की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह दिनदहाड़े एक बुजुर्ग किसान के अपहरण की घटना सामने आई है। ग्राम ढाबला केलवाड़ी निवासी किसान प्रेमसिंह मेवाड़ा को कुछ नकाबपोश बदमाशों ने जबरन कार में बैठाकर भोपाल की ओर ले जाने का आरोप है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार, प्रेमसिंह मेवाड़ा रोज की तरह सुबह करीब 9:10 बजे मंदिर जाने के लिए घर से निकले थे। घर से निकलने के कुछ ही मिनट बाद उन्होंने अपने बेटे जगदीश मेवाड़ा को फोन किया। फोन पर प्रेमसिंह ने घबराई आवाज में बताया कि बड़ी मेवाड़ा के घर के सामने कुछ लोग उन्हें जबरन कार में बैठाकर ले जा रहे हैं और वाहन भोपाल की ओर बढ़ रहा है। इसके तुरंत बाद फोन कट गया।

सूचना मिलते ही जगदीश मेवाड़ा अपने भाइयों गुलाब सिंह और विक्रम सिंह के साथ मौके की ओर पहुंचे। सीहोर-भोपाल हाईवे पर राजपूत ढाबे के पास उन्हें कुछ मजदूर मिले, जिन्होंने घटना को अपनी आंखों से देखने की बात कही।



### जबरदस्ती वाहन में ले गए कार सवार

प्रत्यक्षदर्शियों में शामिल मजदूर राजेश बारेला और उनकी पत्नी ने बताया कि एक सफेद रंग की कार अचानक तेज रफ्तार में आकर रुकी थी। कार से उतरे नकाबपोश बदमाशों ने बुजुर्ग किसान को जबरदस्ती वाहन में खींच लिया। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी कार को तेजी से भगाकर भोपाल हाईवे की ओर फरार हो गए।

पीड़ित परिवार ने अपहरण के पीछे पुरानी रंजिश और जमीन विवाद का संदेह जताया है। परिवार की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत में कपिल शर्मा, देव नारायण उर्फ गुड्डा और मनीष परमार के नाम बताए गए हैं। परिजनों का आरोप है कि जमीन के सौदे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था और इसी के चलते वारदात को अंजाम दिया गया।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम हाईवे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही संदिग्ध सफेद कार और आरोपियों की पहचान के लिए मोबाइल लोकेशन व अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चश्मदीदों के मुताबिक आरोपियों ने अपने चेहरे गमछे से ढके थे और वे सफेद रंग की कार में आए थे। फिलहाल वाहन का नंबर सामने नहीं आ सका है, लेकिन सभी पहलुओं पर जांच जारी है। पुलिस ने जिलेभर में नाकेबंदी कर संदिग्धों की तलाश तेज कर दी है।

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और किसान की सुरक्षित बरामदगी की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## पक्की सड़क बनते देखने के इंतजार में हो गई 11 किसानों की मौत

# 18 साल पहले स्वीकृत मुंगावली से शेखपुर तक की 4 किमी सड़क आज तक नहीं बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुंगावली से शेखपुर तक पक्की सड़क नहीं है। मनरेगा योजनांतर्गत सड़क स्वीकृत हो चुकी है। किसान 18 सालों से सड़क निर्माण की प्रतिक्षा कर रहे है। इस बीच 11 से अधिक किसानों की मौत भी हो चुकी है। सिस्टम की बेरूखी के कारण 4 किलोमीटर सड़क आज तक नही बनी है। बारिश आते ही कच्ची सड़क से जुड़े सौ से अधिक किसानों की मुसीबते शुरू हो जाती है। अतिक्रमणकारियों ने भी कच्ची सड़क के दोनों तरफ कब्जा कर लिया है। गांव के सौ किसान हैरान परेशान बने हुए है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी केवल अबतक किसानों को आश्वासन हीं दिया है। जनसुनवाई में पहुंचकर किसानों ने बारिश से पहले सड़क बनवाने की गुहार कलेक्टर से लगाई है।




**इंतजार में इन किसानों की हुई मौते :** मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे मुंगावली और शेखपुर के किसानों ने कहा कि गांव में सड़क नहीं बनने देने को लेकर बीते 18 सालों से राजनीति की जा रही है। शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 50 एवं अन्य सर्वे नंबरों पर सड़क निर्माण की मांग उठाने वाले किसानों को अतिक्रमणकारी डरा धमका कर चुप करा देते है। पक्की सड़क के इंतजार में गांव के मनोहर पाटीदार, प्रेमनारायण सेन, राजू पाटीदार, चंदा बाई कुशवाहा, जियालाल कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण पाटीदार, किशौरी लाल कुशवाहा, नंदकिशौर कुशवाहा, नर्मदा प्रसाद पाटीदार, राधेश्याम कुशवाहा नन्नूलाल पाटीदार की मौत हो चुकी है।

**सड़क निर्माण पर लगवा दी थी रोकः** मनरेगा योजनांतर्गत वर्ष 2008 में मुंगावाली से शेखपुर से तक कुल चार किलोमीटर सड़क निर्माण स्वीकृत हुआ था लेकिन कुछ किसानों ने अपनी जमीन सड़क से बचाने के लिए सड़क निर्माण पर रोक ही लगवा दी थी। इस बीच सड़क से जुढ़े खेत मालिक किसानों ने कई सरकारी दफतरों में आवेदन निवेदन किया तत्कालील सरपंच विधायक सांसद जहां तक की मंत्रियों तक के समक्ष भी मांग को रखा लेकिन सड़क नहीं बनाई गई। सरकार बदलने के बाद के जनप्रतिनिधियों को भी समस्या से अबतक कारया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जहां तक की अब मनरेगा योजना का नाम ही बदल गया है पर मुंगावली से शेखपुर तक की यह कच्ची सड़क अबतक नहीं बनाई जा सकी है। बारिश में होने वाली परेशानी व दिक्कतों के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान धमेंद्र पाटीदार,दुर्गा प्रसाद, कमल सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र पाटीदार, चतरनाथ, रमेश्वर, मनोहर, मिथुन वर्मा, रामकिशन, राम सिंह, गोविंद, दामोदर, ऋषिराज, नरेंद्र सिंह, मनोज, राजेश कुमार, रमेशचंद,भैयालाल, राजू सतीष, नीरज,भैया लाल, रामचरण कोमल प्रसाद, सुरेश आदि किसानों ने कलेक्टर से मुगांवली से शेखपुर तक अतिक्रमण हटवाकर सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

# कॉन्ट्रैक्टर के घर से 7 लाख नकद और लाखों के जेवर ले गए थे चोर

### 15 दिन बाद भी 32लाख चोरी का सुराग नहीं मिला

**सीहोर।** अवधपुरी कॉलोनी में हुई 32 लाख रुपए की चोरी का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। वारदात को 15 दिन से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। यह मामला इसलिए भी चर्चाओं में है, क्योंकि जिस मकान में चोरी हुई, उसके तीनों ओर पुलिसकर्मियों के आवास हैं। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद चोरों ने आसानी से वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, कॉन्ट्रैक्टर दीपक जाधव का परिवार 24 जून को महाराष्ट्र गया हुआ था। 27 जून को जब परिवार वापस लौटा तो घर के ताले टूटे मिले। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से नकदी व जेवर गायब थे। चोर घर से करीब 7 लाख रुपए नकद और भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में करीब 10 लाख रुपए का रानी हार, मंगलसूत्र, सोने की कटोरी, 20 सोने के मोती और चांदी के सिक्के शामिल बताए गए हैं।



**एफएसएल जांच के बाद भी नहीं मिला सुराग :** वारदात के बाद एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए थे। थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने जल्द खुलासे का दावा भी किया था, लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय गुजरने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कॉलोनी और आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए हैं। कई संदिग्धों से पूछताछ भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिल सकी है। लाखों रुपए की नकदी और जेवर गंवा चुका जाधव परिवार लगातार थाने के चक्कर काट रहा है। परिवार का कहना है कि उन्हें अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। पुलिस का कहना है कि जांच टीमें लगातार काम कर रही हैं, लेकिन 32 लाख की इस बड़ी चोरी का खुलासा नहीं होने से पुलिस प्रशासन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### ठेके का स्थान परिवर्तन को लेकर सौंपा ज्ञापन


**सीहोर।** सीहोर जिले की इछावर तहसील की ग्राम पंचायत नादान में निवासरत महिलाओं ने सामूहिक रूप से उपस्थित होकर एसपी, कलेक्टर व तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया है कि वर्तमान में ग्राम नादान में ग्राम के अंदर मुख्य मार्ग पर शराब दारु का ठेका संचालित है। जिसके कारण स्थानीय निवासियों द्वारा शराब पीकर ग्राम के अंदर उपद्रव एवं लड़ाई झगड़ा आदि करते हैं। जिससे गांव में रोजाना भय का वातावरण बना रहता है तथा शराबी लोगों द्वारा ग्राम की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। स्थानीय शराबी लोगों द्वारा रोजाना शराब पीकर ग्राम के मेन रोड पर ठेका होने के कारण आने जाने वाले लोगों को गाली गलौज व गंदी हरकतें करते हैं। इस मौके पर ग्राम पंचायत नादान की महिलाओं में आरती सौंलकी, सुगन बाई, सम्पत बाई, सुनीता बाई, आशा, ओमवती बाई, लाड़सिंह कटारिया, अमरवती बाई, चिंता बाई, सुशीला बाई, सुषमा बाई, सोनिया बाई, सुमन बाई, मधु बाई, कृष्णा सूर्यवंशी आदि मौजूद रहीं।

### ग्रामीण बोले : ग्रापं झाली में विकास और स्वच्छता कार्यों के नाम पर लाखों रुपए की राशि निकाली जा रही है


# आरटीआईः जानकारी मांगने पर सरपंच पति का धमकी भरा रवैया, ग्रामीणों ने खोला भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा

**भैरूंदा की ग्राम पंचायत झाली में विकास और स्वच्छता कार्यों में लाखों के गबन के आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, एसडीएम बोले जांच कराएंगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



**भैरुंदा।** ग्राम पंचायत झाली के ग्रामीण भैरुंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह को ज्ञापन सौंपते हुए



**भैरुंदा।** ग्राम पंचायत झाली के ग्रामीण एसडीओपी रोशन कुमार जैन को शिकायती पत्र सौंपते हुए

जनपद पंचायत भैरूंदा अंतर्गत ग्राम पंचायत झाली में विकास कार्यों की पारदर्शिता को लेकर उठी आवाज अब बड़े विवाद का रूप ले चुकी है। सूचना के अधिकार (RTI) के तहत जानकारी मांगने पर सरपंच पति द्वारा ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को बड़ी संख्या में भैरूंदा पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ सुरक्षा की मांग की। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत झाली में बीते कई वर्षों से विकास और स्वच्छता कार्यों के नाम पर लाखों रुपए की राशि निकाली जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्य नजर नहीं आते। गांव में न तो बुनियादी सुविधाओं का पर्याप्त विकास हुआ है और न ही स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक है। ग्रामीणों के मुताबिक पानी के टैंकर के नाम पर भुगतान किया गया, जबकि पंचायत में टैंकर उपलब्ध ही नहीं है। इसी प्रकार श्मशान घाट की बाउंड्रीवाल, नाली निर्माण, सड़क और स्ट्रीट लाइट जैसे कार्य अधूरे हैं या सिर्फ कागजों में पूरे दिखाए गए हैं। आरोप यह भी है कि स्वच्छता अभियान के तहत हर माह कचरा वाहन के नाम पर हजारों रुपए की राशि निकाली जा रही है, जबकि गांव में ऐसा कोई वाहन मौजूद नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधे तौर पर सरकारी राशि के दुरुपयोग और गबन की ओर इशारा करता है। इन अनियमितताओं को लेकर जब ग्रामीणों ने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगी, तो निर्धारित समयसीमा बीतने के बावजूद उन्हें कोई जवाब नहीं मिला।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन, जनपद पंचायत और सीएम हेल्पलाइन 181 तक भी की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर उन्होंने सामूहिक रूप से आवाज उठाने का निर्णय लिया। मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन में आयोजित बैठक के दौरान मामला अचानक तनावपूर्ण हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, सरपंच पति जयनारायण बरेला अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और सवाल पूछने पर भड़क गए। आरोप है कि उन्होंने ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और धक्का-मुक्की भी की। इस दौरान कुछ लोगों के मोबाइल फोन छीनने का प्रयास भी किया गया। घटना के बाद गांव में भय का माहौल व्याप्त है।

ग्रामीण अमित धनकर सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि विवाद के दौरान जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी ग्रामीण के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित लोगों की होगी। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि मौके पर मौजूद चौकीदार ने पुलिस को सूचना देने में सहयोग नहीं किया।

मामले में राजनीतिक रंग भी देखने को मिला। यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संजय पटेल ग्रामीणों के समर्थन में सामने आए। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि विकास कार्यों की जानकारी लेना हर नागरिक का अधिकार है। यदि इस अधिकार के उपयोग पर लोगों को धमकाया जाता है, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी।

#### क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि ग्रामीणों का आवेदन प्राप्त हो चुका है और जनपद पंचायत के सीईओ को जांच के निर्देश दिए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने कहा कि शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी को निर्देशित किया जाएगा और पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।
जनपद पंचायत भैरूंदा के सीईओ संजय अग्रवाल ने भी स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत झाली में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## वार्ड-14 में 12.78 लाख की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण का भूमि-पूजन



**भैरूंदा।** नगर परिषद भैरूंदा द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 14 में लगभग 12 लाख 78 हजार रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बनाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के नवनियुक्त निगम अध्यक्ष रवि मालवीय रहे। साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा की मौजूदगी में विकास कार्य की आधारशिला रखी गई। वार्ड विकास को प्राथमिकता नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना ने कहा कि वार्डवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सीसी रोड और सुदृढ़ नाली निर्माण से जहां आवागमन सुगम होगा, वहीं जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना ने भी गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य का भरोसा दिलाया।

**हर वार्ड तक पहुंचे बुनियादी सुविधाएं:** नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि परिषद का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यों से नगर का समग्र विकास सुनिश्चित होगा और नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा।

**भाजपा पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी :** इस अवसर पर जिला महामंत्री जितेंद्र गोड़, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, वरिष्ठ नेता चंद्रकांत खंडेलवाल, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पवार, मंडल महामंत्री कपिल खंडेलवाल, जिला महामंत्री अमित मीणा, मंडल मंत्री तरुण मालवीय, रवि पंवार, युवा मोर्चा नगर उपाध्यक्ष पीयूष तिवारी और योगी जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही पार्षद मेहरबान सिंह, महेंद्र जाट, नीता अग्रवाल, रचना भारी, जिला मंत्री अलका चौहान, अनीता लखेरा, रानी पारस वर्मा सहित वार्ड के गणमान्य नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## मेहनत की कमाई पर 'जालसाजी' का ग्रहण न्याय की आस में दर-दर भटक रहा बुजुर्ग



**सीहोर।** इछावर के गांव ब्रजिशनगर का एक गरीब इंसान अपनी जिंदगी भर की जमा-पूंजी तिनका-तिनका जोड़कर इसलिए एक जमीन का टुकड़ा खरीदता है कि बुढ़ापे में उसके सिर पर अपनी छत होगी। लेकिन जब वही सपना धोखाधड़ी की भेंट चढ़ जाए, तो दिल टूट जाता है। कुछ ऐसा ही दर्द छलक रहा है ब्रिजीशनगर के निवासी लक्ष्मीनारायण वर्मा की आंखों में, जो आज अपनी ही जमीन को पाने के लिए सिस्टम और जालसाजों से लड़ रहे हैं।

#### दशकों का भरोसा, पल भर में मिला धोखा

लक्ष्मीनारायण ने बड़े अरमानों के साथ साल 2007 और 2011 में जगदीश प्रसाद मेवाड़ा और उनके बेटों से भूखंड खरीदा था। रजिस्ट्री हुई, नामांतरण हुआ और सालों तक लक्ष्मीनारायण इसी सुकून में रहे कि उनकी जमीन सुरक्षित है। उन्हें क्या पता था कि जिन पर भरोसा कर उन्होंने सौदा किया, वही लोग पीठ पीछे उनके सपनों का सौदा किसी और से कर देंगे।

#### जब अपनी ही जमीन पर जाने से रोका गया

पीड़ा तब और बढ़ गई जब हाल ही में लक्ष्मीनारायण अपने बेटे अनिल के साथ मकान का निर्माण कराने पहुंचे। जिस जमीन की रजिस्ट्री उनके पास थी, वहां पहुँचते ही उन्हें डराया-धमकाया गया और काम रोक दिया गया। जांच करने पर पैरों तले जमीन खिसक गई—आरोपियों ने धोखाधड़ी की सारी हदें पार करते हुए उस जमीन का एक हिस्सा अपने ही किसी रिश्तेदार को बेच दिया। पीड़ित लक्ष्मीनारायण वर्मा ने कहा कि साहब, मैंने खून-पसीने की कमाई से ये जमीन ली थी ताकि बच्चों का भविष्य संवर सके। आज अपनी ही जमीन पर पराया बना दिया गया है। कागज़ मेरे पास हैं, फिर भी इंसाफ कोसों दूर है।

#### अधिकारियों की चौखट पर 'इंसाफ' की गुहार

अपनी फरियाद लेकर बुजुर्ग लक्ष्मीनारायण सीहोर पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर न्याय की भीख मांगी। हाथों में रजिस्ट्री के पुराने कागज़ लिए वे अब दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। उनकी मांग सिर्फ इतनी है कि जालसाजों पर कड़ी कार्रवाई हो और उन्हें उनका हक, उनकी जमीन वापस मिले।

## अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई इछावर एवं आष्टा क्षेत्र में की गई।

जिला खनिज अधिकारी महेंद्र चैहान ने बताया कि संयुक्त दल ने तहसील इछावर में रेत के अवैध परिवहन में संलग्न 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर थाना इछावर की अभिरक्षा में सौंपे। वहीं तहसील आष्टा के अंतर्गत एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर चौकी अमलाहा की अभिरक्षा में दिया गया। प्रशासन द्वारा सभी जब्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर जुर्माना अधिरोपित करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध संयुक्त टीम की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी में नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर विशेषज्ञों ने दी फोटोनिक्स कंप्यूटिंग की जानकारी



**सीहोर।** श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज के कैंपस में नेशनल टेक्नोलॉजी डे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण के लिए फोटोनिक्स कंप्यूटिंग विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान रहा। मुख्य वक्ता और विषय

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बेंगलुरु के प्रिंसिपल इंजीनियर डिज़ाइन मिस्टर अभिजीत चटर्जी थे। उन्होंने हाइब्रिड मोड ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया। मिस्टर चटर्जी ने बताया कि कैसे प्रकाश की किरणों का उपयोग करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की गति और क्षमता को कई गुना बढ़ाया जा सकता है।

उन्होंने भविष्य की तकनीक में फोटोनिक्स के महत्व और एआई के क्षेत्र में इसके क्रांतिकारी बदलावों पर प्रकाश डाला। इनके मार्गदर्शन में हुआ आयोजन यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के वरिष्ठ नेतृत्व के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, प्रो. मुकेश तिवारी कुलगुरु, डॉ. राजेश शर्मा कुलसचिव, डॉ. संजय राठौर परीक्षा नियंत्रक, डॉ. राजेंद्र कुशवाह डीन, इंजीनियरिंग कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में डॉ. रंजीत कुमार पुसे संयोजक व सह-संयोजक डॉ. गीता खूबचंदानी, डॉ. नीलेश दिवाकर, और डॉ. मोहित गंगवार, की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का समन्वय मिस्टर देश दीपक श्रीवास द्वारा किया गया। सहभागिता इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों के संकाय सदस्य, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। ऑफलाइन माध्यम के साथ-साथ कई प्रतिभागी ऑनलाइन मोड से भी इस तकनीकी ज्ञान सत्र का हिस्सा बने। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने आधुनिक युग में तकनीकी नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया।

## बहुजन मुक्ति पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्ट्रेट कार्यालय में सौंपा ज्ञापन




**सीहोर।** बहुजन मुक्ति पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में आव्हान पर केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के विरोध में तीन चरणों में देश के 625 जिलों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन जिलाधिकारी कार्यालयों पर किया जा रहा है । इसी कड़ी में सीहोर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मालवीय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के साथ ही बड़ते हुए विद्युत बिलों एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में लालटेन भी सौंपा गया। श्री मालवीय ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा महंगाई, बेरोजगारी प्रतिदिन निर्माण की जा रही है। स्मार्ट मीटर द्वारा अधिकतम बिजली बिल उपभोक्ताओं पर थोपा जा रहा है। महंगे घरेलू गैस और कॉमर्शियल गैस एवं महंगे पेट्रोल-डीजल ने देश के बहुजन समाज के लोगों की आर्थिक कमर तोडऩे का सुनियोजित षड्यंत्र केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। जनविरोधी नितियों के विरोध में निम्नलिखित मुद्दों पर तीन चरणों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जा रहा है।

### महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए वट सावित्री पूजा करेंगी

# भरणी नक्षत्र में मनाया जाएगा शनिदेव का जन्मोत्सव शनिश्चरी अमावस्या व वट सावित्री पूजा का संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




नवग्रह में भगवान शनिदेव को अपने इष्ट देव भगवान शंकर से आशीर्वाद प्राप्ति में न्यायधीश का दायित्व मिला है। न्यायाधीश शनिदेव तीनो लोको के प्राणियों के जीवन में उनके किये गये कर्मो के आधार पर फल प्रदान करते है इसलिए शनिदेव कर्मफल दाता है। भगवान सूर्यदेव उनके पिता और छाया माता के वह पुत्र है। भगवान शनिदेव का जन्म ज्येष्ठ मास कृष्णपक्ष अमावस्या को हुआ है।

पंडित सुनील शर्मा के अनुसार इस बार यह संयोग 16 मई शनिवार भरणी नक्षत्र में शनिश्चरी अमावस्या को रहेगा। पूरे जिलेभर मंदिर देवालय मे श्रद्धा उत्साह के साथ भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव मनाया जायेगा।

शनिदेव को चढ़ाये सरसो तेल, कालातिल, उड़द - वर्तमान में कुंभ, मीन और मेष राशि पर शनिदेव की साढ़ेसाती चल रही है। मेष राशि पर प्रथम चरण, मीन राशि पर द्वितीय चरण और कुंभ राशि पर अंतिम चरण का प्रभाव है , जबकि सिंह और धनु राशि पर शनि ढैय्या का प्रभाव है ।

साढेसाती के दौरान व्यक्ति को आर्थिक मानसिक और शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है लेकिन सत्कर्म उच्च आचरण, व उपाय से शनिदेव शुभ फल प्रदान करते हैं। साढेसाती वाले जातको को भगवान शनिदेव जन्मोत्सव पर शिवशक्ति, हनुमानजी और शनिदेव की विशेष पूजा अर्चना लाभप्रद है। भगवान शनि मंत्र जाप, हवन पूजन,छायादान करना चाहिये और सरसो तेल, तिलतेल से अभिषेक कर कालीउड़द, काले तिल,काला कपड़ा, इमरती, नीले फूल भेंट करना चाहिये। गरीब जरूरतमंदो को अन्न, वस्त्र, छाता, देना चाहिये। पीपल व शमी वृक्ष के पास दीपक लगाना चाहिये।

पंडित सुनील शर्मा के अनुसार रुद्राभिषेक, हनुमान चालीसा, शनि चालीसा, दशरथ कृत शनि स्तोत्र का पाठ करना चाहिये। शनि जन्मोत्सव पर शनिश्चरी अमावस्या व वट सावित्री पूजा का विशेष संयोग भी रहेगा। इस दिन महिलायें अखंड सौभाग्य के लिए वट सावित्री पूजा करेंगी।

## हुकम चंद विश्वकर्मा के सेवानिवृत्ति होने पर विदाई समारोह आयोजित



**सीहोर।** हुकम चंद विश्वकर्मा ने सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप में लगभग 44 वर्षों तक अटूट निष्ठा, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता के साथ सेवा की। अपने संपूर्ण कार्यकाल के दौरान उन्होंने न केवल विद्यार्थियों को ज्ञान और संस्कार दिए, बल्कि सहकर्मियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बने। उनकी शिक्षण शैली, मानवीय दृष्टिकोण और मार्गदर्शन ने अनेक पीढ़ियों के जीवन को दिशा दी। 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हुए श्री विश्वकर्मा जी के सम्मान में एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, सहकर्मी, छात्र, अभिभावक एवं परिवारजन उपस्थित रहे। समारोह में उनके योगदान की सराहना करते हुए स्मृति चिन्ह एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। भावुक क्षणों के बीच सभी ने उनके स्वस्थ, सुखी एवं सार्थक सेवानिवृत्ति जीवन की मंगलकामना की।

एमपीआरडीसी का जिले में कोई दफ्तर नहीं होने से कोई नहीं दे रहा ध्यान

# राजगढ़ बाईपास की क्षतिग्रस्त नालियों के कारण अक्सर हो रहे हादसे

## टोल कंपनी मेसर्स अग्रोह भी नहीं दे रही ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब 10 वर्षों पहले साल 2016 में मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन (एमपीआरडीसी) ने ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हाईवे का दोहरीकरण करवाया था। मेसर्स अग्रोह इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा करवाए गए उक्त कार्य में अनेक जगहों पर घटिया निर्माण कर दिया गया। उक्त घटिया कार्यों का खामियाजा अब अक्सर हो रहे हादसों के रूप में सामने आ रहा है।

हाईवे चैड़ीकरण के दौरान राजगढ़ मुख्यालय सीमा पर बनाए गए करीब बाईपास के दोनों ओर जो नालियां बनवाई गई थीं उनकी गुणवत्ता पर भी निर्माण एजेंसी द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है। यही कारण है कि बदहाल नालियां हादसों का कारण बन रही हैं। बुधवार दोपहर राजगढ़ सीमा में दरगाह के नजदीक टूटी-फूटी नाली के कारण सरियों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी मार गया। गनीमत से इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन अगर समय रहते इन नालियों की रिपेयरिंग नहीं करवाई गई तो यह लापरवाही कभी भी बड़ी जनहानि का कारण बन सकती है।





### चार किमी के बाईपास पर अनेक जगह क्षतिग्रस्त है नालियां

स्थानीय नेवज नदी के थोड़ा आगे भगवति रेस्टोरेंट के नजदीक से कलेक्टोरेट के थोड़ा आगे तक 4 किमी लंबा फोरलेन बाईपास बनवाया गया था। उक्त बाईपास के दोनों और अनेक स्थानों पर नालियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। इन नालियों में गिरकर लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं।

### एमपीआरडीसी का जिले में नहीं है कोई दफ्तर

मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम का राजगढ़ जिले की सीमा में कोई कार्यालय नहीं है। निगम के मुख्य कार्यालय राजधानी भोपाल में स्थित है और जिम्मेदार अधिकारी भी राजधानी में ही बैठते हैं। यही कारण है कि बदहाल हाईवे की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से मांग रखी है कि एमपीआरडीसी भोपाल के जिम्मेदार अधिकारियों को बाईपास की रिपेयरिंग के लिए निर्देशित करें ताकि भविष्य में संभावित हादसों को रोका जा सके।

### तो धरना प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने इस बारे में कहा कि अगर एमपीआरडीसी द्वारा समय रहते बाईपास की सुध नहीं ली गई तो वे और कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आने वाले समय में सड़क विकास निगम भोपाल के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। आमजनों की इस समस्या को लेकर जब हरिभूमि ने एमपीआरडीसी भोपाल के कन्सर्न अधिकारी ईश्वर सिंह चंदेल मोबाइल लगाया तो उन्होंने कॉल ही रिसीव नहीं की न ही वाट्सएप मेसेज पर कोई जवाब प्रेषित किया गया।

300 से अधिक सीसीटीवी खंगालकर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

# एटीएम कार्ड बदलकर धोखाघड़ी करने वाले 2 आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिला पुलिस टीम को एटीएम कार्ड बदलकर धोखाघड़ी करने वाले अंतरार्जीय गिरोह के बदमाशों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। सुठालिया और ब्यावरा देहात के तहत हुई दो अलग-अलग वारदातों का एडिशनल एसपी के.एल बंजारे ने सोमवार दोपहर पुलिस कन्ट्रोल रूम राजगढ़ में खुलासा गया।

गिरफ्तार दो आरोपियों के पास से करीब 4 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। श्री बंजारे ने बताया कि मई निवासी सोनू वाल्मीकि का एटीएम बदलकर अज्ञात व्यक्तियों ने उनके खाते से 47 हजार रुपए निकाल लिए थे। इसी तरह पगारा निवासी अंकित दांगी जब मुल्तानपुरा ब्यावरा क्षेत्र में बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में रुपए निकालने गए तो अज्ञात व्यक्ति ने झांसे में लेकर कार्ड बदला और अलग-अलग दिनों में 50 हजार रुपए निकाल लिए।

**सीसीटीवी और तकनीकी विश्लेषण से धराए आरोपी:** मामलों को गंभीरता से लेते हुए तीनों थानों की पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी खंगाले और तकनीकी रूप से जांच आगे बढाई। पुलिस अंततः आरोपियों तक पहुंच गई। दोनों आरोपी चंदू उर्फ चंदेश यादव एवं मोहम्मद उर्फ अज्जू पिता शेख ईजराईल कुरेश गांव छपारा जिला सिवनी के रहने वाले हैं। उनके पासे से धोखाघड़ी के राशि सहित एक कार जब्त की गई है। एडिशनल एसपी श्री बंजारे ने बताया कि यह गिरोह विशेष रूप से ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाता था जो एटीएम संचालन में कम जानकारी रखते थे।

परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौत, तीन गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 फोरलेन बायपास पर ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्यावरा निवासी राहुल पिता रघुवीर (उम्र लगभग 20 वर्ष) अपने साथियों संतोष पिता बलवंत सिंह एवं संतोष पिता भंवरलाल, दोनों निवासी ब्यावरा, के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान उनकी बाइक की टक्कर तलेन निवासी लक्ष्मीनारायण की बाइक से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान राहुल की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर हंगामा किया और कहा कि समय पर उपचार हो जाता तो युवक की जान बच जाती, बाद में पुलिस ने परिजनों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। वहीं मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# पुलिस कार्रवाई में 11.75 ग्राम स्मैक व 186 शीशी नशीला इंजेक्शन जब्त



**सारंगपुर।** राजगढ़ जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11.75 ग्राम स्मैक, 186 एविल शीशी, 200 इंजेक्शन और एक मोटरसाइकिल सहित करीब 1 लाख 80 हजार रुपये का मशरुका जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (आईपीएस) के निर्देशन में जिलेभर में नशे के कारोबारियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एल.एन. बंजारे एवं एसडीओपी नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना सारंगपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की। जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक मोटरसाइकिल से अवैध मादक पदार्थ लेकर घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राजू उर्फ जफर निवासी गोलाबाड़ी सारंगपुर तथा शादाब निवासी किला रोड सारंगपुर बताए। तलाशी लेने पर उनके पास से स्मैक और नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने एक अन्य आरोपी मुस्तकीम उर्फ पिल्ला निवासी कसाईवाड़ा सारंगपुर को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 393/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही नशीले पदार्थों के स्त्रोत और सप्लाई नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है।

## टीआई रवि ठाकुर के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित



**खुजनेर।** खुजनेर थाना प्रभारी रवि ठाकुर को उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं के लिए मध्य प्रदेश पुलिस के प्रतिष्ठित के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित किया गया यह सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किया समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 101 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया टी आई रवि ठाकुर को यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट कार्य, अपराध नियंत्रण और जनसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है।

## नगर परिषद कुरावर में जनगणना कार्य समय से पूर्ण करने पर शिक्षक देवेन्द्र जाटव सम्मानित



**कुरावर।** नप कुरावर क्षेत्र में जनगणना कार्य को सर्वप्रथम एवं सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर शिक्षक श्री देवेन्द्र जाटव का सम्मान किया गया। डिप्टी कलेक्टर महोदया डॉ. ज्योति बागबैया, राजगढ़ द्वारा उन्हें प्रशस्ति एवं सम्मान प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ. ज्योति बागबैया ने कहा कि जनगणना कार्य शासन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसे जिम्मेदारी एवं समयबद्धता के साथ पूरा करना आवश्यक होता है। श्री देवेन्द्र जाटव ने पूरी निष्ठा एवं मेहनत से कार्य कर क्षेत्र में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्मान प्राप्त होने पर श्री जाटव ने प्रशासन एवं सहयोगी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री ने निरीक्षक वीरेंद्र सिंह धाकड़ को "रुस्तम पुरस्कार" से किया सम्मानित



**ब्यावरा.** राजधानी भोपाल स्थित रवींद्र भवन में सोमवार को आयोजित एक गरिमामय समारोह में पुलिस विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए निरीक्षक वीरेंद्र सिंह धाकड़ को "के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। समारोह में प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षक धाकड़ को यह सम्मान पुलिस विभाग में अनुशासित कार्यशैली, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा जनहित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर उनके समर्थकों, सहकर्मियों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पुलिस विभाग समाज में सुरक्षा और विश्वास कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करना अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनता है।निरीक्षक वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने इस सम्मान का श्रेय अपने वरिष्ठ अधिकारियों, सहयोगी पुलिसकर्मियों एवं परिवारजनों को देते हुए कहा कि वे आगे भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं देते रहेंगे।

# खराब प्रदर्शन पर राजगढ़, खिलचीपुर तहसीलदारों को नोटिस किया जारी

## टीएल बैठक में कई योजनाओं की हुई समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों के संबंध में कलेक्टर द्वारा अधिकारियों की क्लास लेते हुए कार्यवाहियां की गईं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान तहसीलदार खिलचीपुर एवं तहसीलदार राजगढ़ के खराब प्रदर्शन एवं समय सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर पीएचई के कार्यपालन यंत्री को सख्त निर्देश देते हुए विभागीय ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। आधार निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जनपद पंचायतों को आधार शिविरों के बेहतर मोबिलाइजेशन के निर्देश दिए। सभी जनपदों के के सीईओ के लिए अगली टीएल बैठक में आना अनिवार्य किया गया। जिला परियोजना अधिकारी खिलचीपुर एवं राजगढ़ को नवजात एवं नए बच्चों के आधार पंजीयन हेतु प्राथमिकता से मोबिलाइजेशन करने के निर्देश दिए गए। वहीं जिला परियोजना अधिकारी राजगढ़ एवं राजगढ़ जपं सीईओ द्वारा नए आधार निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

### सार्थक एप से ही हर विभाग में लगे अटेंडेन्स

कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी ऑनलाईन अटेंडेंस लगाना सुनिश्चित करें एवं उसी आधार पर वेतन आहरण किया गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पिछले तीन वर्षों के सड़क दुर्घटना प्रकरणों की जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराने पर यातायात निरीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में पुस्तक वितरण एवं साइकिल वितरण योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

# शिक्षा ही देती है जीवन को नई दिशा, लाती है बदलावः सीईओ

## होनहार बच्चों को प्रशासन ने किया सम्मानित



**राजगढ़।** संसाधनों की कमी के बावजूद बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदेर्शन करने वाले जिल के होनहार विद्यार्थियों को सोमवार दोपहर जिला पंचायत सभागार में सम्मानित किया गया। प्रशासन द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्कूल बैग किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि छात्रावास में रहकर भी विद्यार्थी अनुशासन, मेहनत और निरंतर अभ्यास के माध्यम से उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन के अनुभव साझा किए तथा बताया कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे छात्रावास में सहभागिता, एकता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ अध्ययन करें और अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ते रहें। जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने कहा कि शिक्षा ही जीवन को नई दिशा देती है।

### बच्चों से निरंतर सीखने का किया गया आह्वन

अधिकारीगणों ने विद्यार्थियों से निरंतर सीखने और अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डीईओ करण सिंह भिलाला, संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन, छात्रावास अधीक्षक गण, वार्डन एवं शिक्षकगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मेधावी विद्यार्थियों ने सम्मान प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# सावित्री बाई फुले अवार्ड से नवाजे गए राजगढ़ के राजेश

## राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया जिले का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



शेड्स ऑफ इंडिया मेगजीन द्वारा गत दिवस राजधानी दिल्ली में सावित्री बाई फुले अवॉर्ड-2026 का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में देश भर से उन लोगों का चयन किया गया जिन्होंने किसी एक विधा में उपलब्धियां हासिल की हों। राजगढ़ से 12 किलोमीटर की दूरी पर करेड़ी गांव के राजेश वर्मा का चयन इस सम्मान के चयनित हुए। देश की ख्यात हस्तियों के करकमलों से उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि राजेश वर्मा एक अंतर्राष्ट्रीय मॉडल एवं दिव्यांग खिलाड़ी है जिन्होंने मॉडलिंग में कई बार मिस्टर इंडिया का खिताब अपने नाम किया हुआ है और खेलो में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। दोनों पैरों से विकलांगता के बावजूद राजेश ने हार नहीं मानी और दिव्यांगता को अपनी ताकत बनाकर जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते आ रहे हैं। मध्य प्रदेश के लिए व्हीलचेयर पर क्रिकेट, फुटबॉल, बास्टकेटबॉल, पंजा कुश्ती, भाला फेंक, गोला फेंक आदि खेल खेलते हैं।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में विशेष व्याख्यान, क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ने की। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ ममता खोईया ने कहा कि तकनीक आज मानव जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। भारत ने विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों का सकारात्मक उपयोग करने एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशेष वक्ता के रूप में भगवान सिंह पाटीदार उपस्थित रहे ।अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 11 मई 1998 को भारत द्वारा पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण किए जाने की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक शिक्षा, चिकित्सा, कृषि एवं उद्योग सहित सभी क्षेत्रों में विकास का आधार बन चुकी है। विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे आने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. शीतल पाटीदार , द्वितीय स्थान साधना शर्मा एवं तृतीय स्थान मिलन देथलिया ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं तकनीक से संबंधित आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू माहेश्वरी, द्वितीय स्थान कशिश विश्वकर्मा एवं तृतीय स्थान वंशिका शर्मा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम विज्ञान संकाय के प्रोफेसर डॉ वसीम शेख, डॉ अरुणा सोलंकी, श्रीमती सोनम करोड़िया, डॉ फारुक पठान, डॉ दीप्ति सिसोदिया एवं अन्य स्टाफ तथा छात्र छात्राए उपस्थित रहे ।

नगर पालिका की आर्थिक बदहाली के बीच कर्मचारियों की हड़ताल

# सीएमओ बोले- वसूली में लापरवाही से बिगड़ रहे हालात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर पालिका के सामने सोमवार को उस समय हलचल का माहौल बन गया, जब नगर पालिका के कर्मचारी वेतन और अन्य लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

वहीं इस पूरे मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) इकरार अहमद का बयान सामने आने के बाद हड़ताल केवल वेतन का मुद्दा नहीं रह गई, बल्कि नगर पालिका की आर्थिक स्थिति और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। हड़ताल की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह और सीएमओ इकरार अहमद मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों को समझाइश देते हुए सीएमओ इकरार अहमद ने साफ कहा कि सफाई कर्मचारियों का कोई वेतन बकाया नहीं है और उन्हें प्रतिमाह नियमित भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में उनका हड़ताल पर बैठना अनुचित है और इसे अनुशासनहीनता माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रशासन लगातार कर्मचारियों को समय पर वेतन देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन सीमित संसाधनों और आय के मुकाबले बढ़ते खर्च के कारण वित्तीय दबाव बना हुआ है।

### आय-व्यय में आ रहा बढ़ा अंतर

सीएमओ ने नगर पालिका की वित्तीय स्थिति का खुलासा करते हुए बताया कि नगर पालिका को प्रतिमाह करीब 45 लाख रुपए चुंगी क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त होती है, जबकि मासिक खर्च 1 करोड़ 10 लाख रुपए तक पहुंच जाता है। इसमें से केवल कर्मचारियों के वेतन पर ही लगभग 85 लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। आय और व्यय के इस बड़े अंतर के कारण नगर पालिका लगातार आर्थिक दबाव में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कर्मचारियों का लंबित वेतन भी जारी किया जा चुका है और भविष्य में भी नियमित भुगतान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सीएमओ ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

इकरार अहमद ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि नगर पालिका की आय बढ़ाने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन जलकर और संपत्ति कर की वसूली में अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाई दे रही। नगर पालिका पर वर्तमान में संपत्ति कर का 3 करोड़ 14 लाख रुपए और जलकर का 4 करोड़ 62 लाख रुपए बकाया है। कुल 10 करोड़ 28 लाख रुपए की बकाया राशि में से अब तक मात्र 91 लाख रुपए की वसूली हो पाई है, वह भी अधिकांश राशि नागरिकों द्वारा स्वयं जमा कराई गई है। सीएमओ ने कहा कि यदि कर्मचारी वसूली कार्य में गंभीरता दिखाएं तो नगर पालिका की आर्थिक स्थिति काफी हद तक सुधर सकती है और वेतन भुगतान जैसी समस्याएं स्वतः कम हो जाएंगी। सीएमओ ने जलप्रदाय शाखा के कर्मचारियों को विशेष रूप से चेताया कि मौजूदा समय में शहर 42 से 45 डिग्री तापमान की भीषण गर्मी झेल रहा है। ऐसे में यदि कर्मचारी हड़ताल पर रहते हैं और जलप्रदाय व्यवस्था बाधित होती है तो शहरवासियों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि मानवता के नाते कर्मचारियों को इस स्थिति की गंभीरता समझनी चाहिए और शहरहित को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### मुद्दा केवल वेतन भुगतान तक सीमित नहीं

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने भी कर्मचारियों से चर्चा कर हड़ताल समाप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुना जाएगा, लेकिन शहर की सफाई और जलापूर्ति जैसी मूलभूत सेवाएं बाधित नहीं होनी चाहिए। कर्मचारियों ने वेतन के अलावा पीएफ राशि जमा कराने, अनुकंपा नियुक्ति और अन्य लंबित मांगों को लेकर भी अपनी बात प्रशासन के सामने रखी। फिलहाल हड़ताल जारी है, लेकिन सीएमओ के बयान के बाद यह मुद्दा केवल वेतन भुगतान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नगर पालिका की वित्तीय चुनौतियों और प्रशासनिक व्यवस्था पर भी चर्चा तेज हो गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन और कर्मचारियों के बीच बातचीत से कब तक समाधान निकलता है।

## खबर संक्षेप

### सांवरिया सेठ मंदिर भंडारे में ग्रहण की प्रसादी

**देवास।** ईटावा देवास स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में मंदिर निर्माण के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल भंडारे एवं धार्मिक आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में लगभग 8 से 10 हजार श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान सॉवलिया सेठ के दर्शन किए तथा महाप्रसादी ग्रहण की। पूरे क्षेत्र में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा और "सॉवलिया सेठ की जय" के जयकारों से ईटावा गूंज उठा। मंदिर के मुख्य पुजारी महेंद्र नाथ, मंदिर अध्यक्ष लखन डांगी एवं पंडित राकेश द्विवेदी (लाला) ने बताया कि मंदिर निर्माण के तीन वर्ष पूर्ण होने पर यह भव्य धार्मिक आयोजन रखा गया था। कार्यक्रम के अंतर्गत भक्तों ने सेठ जी के दर्शन कर महाआरती में भाग लिया, ज्योत अर्पित की तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। विशाल भंडारे में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन स्थल पर सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। पूरे परिसर को आकर्षक सजावट एवं रोशनी से सजाया गया था, जिससे वातावरण और अधिक दिव्य प्रतीत हो रहा था। धार्मिक आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन एवं आरती ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। सफल आयोजन पर समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगकर्ताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### एल्डरमैन और ब्लॉक अध्यक्ष का सम्मान

**बागली ।** नगर विकास के लिए राजनीतिक सुचिता और आपसी समन्वय को जरूरी बताते हुए पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुनेरा ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सामूहिक भावना से कार्य करने पर ही नगर का वास्तविक विकास संभव है। वे जलेश्वर महादेव समिति के तत्वावधान में संयोजक कासम अली द्वारा उनके निज निवास पर आयोजित नवनियुक्त नगर पंचायत एल्डरमैन एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट प्रवीण चौधरी ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में एडवोकेट सूर्य प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।

### भंवरा ग्राम को मिली 4 करोड़ के सीसी रोड की बड़ी सौगात, किया भूमिपूजन

# ग्रामीण विकास की चिंता ना करें, हर ग्राम का होगा संपूर्ण विकासः गोपाल इंजीनियर

**विधायक ने 4 करोड़ की लागत से भंवरा से सिध्देश्वर धाम तक बनने वाले सीसी रोड का किया भूमिपूजन। भंवरा में राजाभोज की लगेगी प्रतिमा, 5 लाख की घोषणा की65 लाख के अन्य विकास कार्यो के विधायक ने भूमिपूजन-लोकार्पण किए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मप्र में डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में आपके द्वारा बनाई आपकी सरकार होते हुए आप ग्राम ओर नगर के विकास की चिंता ना करे, काम आप मुझ पर छोड़ दे। 5 साल में हर ग्राम, नगर में विकास का इतिहास लिखा जायेगा। बीते माह 12 अप्रेल को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आष्टा को 200 करोड़ के विकास कार्यो की सौगात दी और मंच से करोड़ो के विकास कार्यो की घोषणा की है। उक्त उदगार ग्राम पंचायत भंवरा में 4 करोड़ 01 लाख की लागत से बनने वाले भंवरा से सिध्देश्वर धाम तक सीसी रोड के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहे ।

ग्राम भंवरा पहुचने पर ग्रामीणों ने सरपंच हरिओम पिंटू परमार के नेतृत्व में विधायक स्वागत किया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की चुनाव जीतने के बाद जब में सिध्देश्वर धाम दर्शन करने पहुचा था तभी यह प्रण लिया था कि बाबा जब तक आपके यहा तक का कंक्रीट रोड नही बना दूंगा तक तक नही आऊंगा। आज भूमिपजन किया है जल्द ही हम सब रोड निर्माण के बाद बाबा के दर्शन करने चलेंगे। क्षेत्र के सभी ग्रामो में साफ, स्वच्छ पानी प्रत्येक नागरिक को मिले इसके लिये क्षेत्र में 14 सो करोड़ की जल जीवन मिशन के द्वारा हर घर को नल से जल योजना प्रगति पर है । इससे 283 ग्राम के हजारों परिवार लाभांवित होंगे। जल्द ही भंवरा के अन्नदाताओं को नर्मदा मैय्या का जल भी उपलब्ध कराएंगे फिर आपको नेमावर जाने की जरूरत नही होगी यही नर्मदा स्नान हो जायेगा। सिंचाई के क्षेत्र में वृध्दि को लेकर क्षेत्र को नर्मदा पार्वती लिंक योजना जो कि ढाई सौ करोड़ की है का कार्य अंतिम चरण में है इस ही वर्ष के अंत तक हर खेत तक नर्मदा का पानी पहुचे ये लक्ष्य है।

इससे क्षेत्र में एक लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई का रकबा बढेगा,किसानों की आय में वृध्दि होगी, किसान भाई फिर दो की जगह तीन फसल पैदा कर अपनी आय में वृध्दि करेगा। आष्टा क्षेत्र हरा भरा होगा। इस योजना से लगभग 268 ग्राम लाभान्वित होंगे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र के नागरिको को जल संकट का सामना ना करना पड़े इसके लिये हमने विधायक निधि से करीब 100 ग्राम पंचायतों में टैंकर दिये है, शेष को भी जल्द देंगे। नई बनी पंचायतों में पंचायत भवन स्वीकृत हुए है एवं कई ग्रामो में मांगलिक भवन स्वीकृति प्राप्त हो गई है। दो वर्ष में विधायक निधि 5 करोड़ से पूरे विधानसभा क्षेत्र में नागरिको की मांग पर विकास के कार्य कराये गये है । आज हमारे किसान भाइयो को किसान सम्मान निधि उनके खाते में प्रधानमंत्री जी पहुचा रहे है । कार्यक्रम में विधायक इंजीनियर ने सभी की मांग पर ग्राम में राजाभोज जी की प्रतिमा लगाने के लिये 05 लाख की राशि की भी घोषणा को दोहराया। आयोजित कार्यक्रम में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम पंचायत भंवरा में 25 लाख 50 हजार की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण,25 लाख की लागत से ग्राम पंचायत भंवरा में अंबेडकर कॉलोनी में बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन, 10 लाख की लागत से ग्राम पंचायत भंवरा में वृंदावन कॉलोनी का सीसी रोड का भूमि पूजन एवं 05 लाख की लागत से बने सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम भंवरा में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण सभी की उपस्तिथि में किया।

करोड़ो के विकास की सौगातें देने पर ग्राम भंवरा के सभी नागरिको ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का स्वागत सम्मान कर आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम का संचालन अंकुर परमार ने किया एवं आभार सरपंच हरिओम पिंटू परमार ने व्यक्त किया ।भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच हरिओम पिंटू परमार,सुनील परमार, शंकरलाल परमार चेयरमैन, अर्जुन पटेल, ज्ञानसिंह ठाकुर, आजबसिंह सरपंच, देवीसिंह भगतजी, माखनसिंह डॉक्टर, जितेन्द्र परमाल, हिन्दुसिंह डॉक्टर, दिलीप प्रधान सहित बड़ी संख्या में सरपंच, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीणजन, उपस्तिथि थे।

# पर्यवेक्षक की टीम ने पूरा किया जनगणना कार्य

**चार्ज अधिकारी ने टीम को किया सम्मानित**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारत सरकार के महत्वपूर्ण अभियान जनगणना 2027 के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। पर्यवेक्षक जितेंद्र गोठानिया के कुशल नेतृत्व में उनकी टीम ने निर्धारित समय-सीमा से पूर्व ही अपने आवंटित सर्कल का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है।

**टीम वर्क और समर्पण की मिसाल** - जनगणना जैसे जटिल और महत्वपूर्ण कार्य को सबसे पहले खत्म करने वाली इस टीम के उत्साह और कर्तव्यनिष्ठा की हर तरफ प्रशंसा हो रही है। इस उपलब्धि पर चार्ज अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने करते हुए पूरी टीम के कार्य की समीक्षा करने के पश्चात उसे गुणवत्तापूर्ण पाया और टीम के समर्पण की सराहना की।

पूरी टीम का हुआ सम्मान - एक औपचारिक कार्यक्रम के दौरान चार्ज अधिकारी श्री प्रजापति द्वारा पर्यवेक्षक जितेंद्र गोठानिया सहित संतोष कुमार, कमरूदीन, नारायण सोलंकी, प्रेमसिंह, जितेंद्र वर्मा पूरी टीम को सम्मानित किया गया। चार्ज अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने कहा जनगणना देश के भविष्य की योजनाओं का आधार होती है।

गोठानिया और उनकी टीम ने न केवल समय की बचत की है, बल्कि डेटा की शुद्धता का भी पूरा ध्यान रखा है। पर्यवेक्षक श्री गोठानिया ने इस सफलता का श्रेय अपनी टीम के आपसी सामंजस्य और अथक परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि टीम के हर सदस्य ने घर-घर जाकर जानकारी जुटाने में पूरी जिम्मेदारी निभाई, जिसके कारण आज हम यह लक्ष्य प्राप्त कर सके हैं। इस अवसर पर राजस्व प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, र्यवेक्षक जितेंद्र गोठानिया सहित संतोष कुमार, कमरूदीन, नारायण सोलंकी, प्रेमसिंह, जितेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।

# धुआं छोड़ते वाहनों से परिवहन विभाग ने वसूले 1.5 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में प्रदूषण फैलाने और नियमों की अनदेखी कर सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग ने देवास के इंडस्ट्रियल एरिया में विशेष जांच अभियान चलाया, जहां बिना वैध पीयूसी प्रमाण-पत्र और जरूरी दस्तावेजों के चल रहे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई।

जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में हुई इस आकस्मिक जांच के दौरान मालवाहक वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा और पीयूसी दस्तावेजों की गहन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान करीब 74 वाहनों की जांच हुई, जिनमें 21 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। इन वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए विभाग ने 1 लाख 05 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला।जांच के दौरान वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि आगे से बिना वैध दस्तावेज और पीयूसी प्रमाण-पत्र के कोई भी वाहन चालक वाहन सड़क पर न उतारें। ओवरलोडिंग और स्पीडिंग से बचने की चेतावनी भी दी गई। परिवहन विभाग ने साफ कहा कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ न सिर्फ चालानी कार्रवाई होगी बल्कि चालक लाइसेंस निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई होगी।

# नवनियुक्त पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष का जावर मंडल ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर का उज्जैन से भोपाल जाते समय ठाकुर जी रेस्टोरेंट जवार जोड़ पर भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों एवं आतिशबाजी चला कर भव्य स्वागत किया एवं सभी कार्यकर्ताओं ने नवीन दायित्व की साफा बाँधकर बधाई दी। जिसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, संजय अजमेर, जय सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, दयाराम परिहार, कैलाश सोलंकी, पार्षद मदन विश्वकर्मा, संतोष जैन, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, राहुल ठाकुर ,सुनील लोधी, तेज सिंह भाटी, अजय ठाकुर, युवराज ठाकुर आदि थे।

# नव नियुक्त पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर का जगह-जगह किया भव्य स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर के भोपाल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जाते समय उज्जैन से भोपाल तक विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भोपाल रवाना होने से पूर्व ठाकुर ने भौरासा फाटे पर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात काकड़दा फाटे पर कुंवर कृपाल सिंह बैस मित्र मंडल एवं किसान मोर्चा उपाध्यक्ष ग्राम पिपलिया खुर्द के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, भारत सिंह बैस, राकेश सिंह बैस, जीवन सिंह राजपूत, कैलाश सिंह गोड, ईश्वर सिंह गोड, जय सिंह राणा नगर परिषद उपाध्यक्ष भौरासा, राजेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. रूप सिंह नागर, मुकेश कुमावत एल्डरमैन, सुमेर सिंह नागर सरपंच, यशवंत सिंह राजपूत, अश्विन जायसवाल, देवी सिंह गुर्जर, कमल सिंह गुर्जर, पप्पू सिंह राजपूत, कैलाश यादव खोखरिया, कमल पटेल, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह चंदेल, नकुल अग्रवाल, मौसम माली, विनायक माली सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में विद्या भारती मालवा के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा भी नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर का स्वागत किया गया। भोपाल जाते समय टोल टैक्स के समीप महालक्ष्मी ग्रेनाइट एंड टाइल्स पर महेश राठौर के नेतृत्व में चुनरी व पुष्प मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान शिक्षक अशोक ओम प्रकाश राठौर, भीम सिंह आचार्य पांदा जागीर, दिनेश राठौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय नागर, आनंद सिंह ठाकुर, संजय गुर्जर, सोनू गुर्जर टोंककला, भगवान सिंह चंदेल, जीवनसिंह ठेकेदार, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया, बालू सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# नेवरी फाटा उपार्जन केंद्र पर किसानों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



देवास-भोपाल स्टेट हाईवे स्थित नेवरी फाटा के बोलासा सोसाइटी उपार्जन केंद्र पर सोमवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। तुलाई व्यवस्था में अव्यवस्था और मनमानी के आरोप लगाते हुए किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर खड़ी कर चक्काजाम कर दिया। कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।किसानों ने उपार्जन केंद्र के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि बाद में आने वाली ट्रॉलियों की पहले तुलाई की जा रही है, जबकि कई किसान पिछले चार दिनों से अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर लाइन में खड़े हैं।

किसानों का कहना था कि तुलाई प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही और कुछ लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है।किसान मेहरवानसिंह बड़वाया ने आरोप लगाया कि रविवार को भी वेयरहाउस पर मनमाने तरीके से अपने खास लोगों के ट्रैक्टरों की तुलाई करवाई गई, जबकि उनकी ट्रॉली कई दिनों से कतार में लगी हुई है। किसानों ने नियमित, निष्पक्ष और पारदर्शी तुलाई व्यवस्था लागू करने की मांग की।

हंगामे और जाम की सूचना मिलते ही जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश कुमार अहिरवार, सोनकच्छ तहसीदलार नेहा शाह, नायब तहसीलदार भौरासा हर्षल बहरानी पटवारी तथा पुलिस सहायता केंद्र की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन और पुलिस ने किसानों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी तथा काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। आंदोलन समाप्त होने के बाद उपार्जन केंद्र पर पुनः तुलाई कार्य सुचारु रूप से शुरू कराया गया। मामले में जिला आपूर्ति अधिकारी अहिरवार का कहना है कि उपार्जन केंद्र लगभग भर गया है जिसकी वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है खाली वेयर हाउस में अनाज शिफ्ट किया जाएगा जिससे कि किसानों को किसी तरह की समस्या न हो।

### कथा में गूंजी मधुर वाणी, श्रद्धालु भावविभोर हुए, आसपास के अंचलों से आ रहे रहवासी

# घर में धन नहीं, धर्म को मुख्य बनाइएः पं. गोविंद जाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ग्राम नयापुरा में कालीसिंध नदी तट स्थित निर्मल वाटिका में आयोजित श्री शनि नवग्रह मंदिर एवं भूतेश्वर महादेव अचल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित गोविंद जाने ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मालवी भाषा में कथा का रसपान कराते हुए पंडित गोविंद जाने ने कहा कि "जिस दिन मनुष्य की वाणी राममय बन जाएगी, उस दिन उसका शरीर भी मंदिर बन जाएगा।" उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपनी वाणी मधुर, निर्मल और संयमित रखनी चाहिए। शबरी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उसकी जिह्वा पर केवल राम नाम था, इसी कारण उसे भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि वाणी ही संबंध बनाती और बिगाड़ती है। महाभारत का उदाहरण देते हुए बताया कि कटु वाणी के कारण ही बड़ा विनाश हुआ था। आज भी परिवारों और समाज में विवादों की जड़ गलत वाणी ही बनती है। यदि वाणी मधुर हो तो बड़े से बड़ा विवाद भी समाप्त हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि घर-परिवार में बच्चों को अच्छे संस्कार और मधुर वाणी का वातावरण देना चाहिए।



वाणी में सत्य, विश्वास और प्रेम होना चाहिए। अभिमानयुक्त वाणी जीवन को बिगाड़ देती है, जबकि विनम्रता जीवन को सफल बनाती है। उन्होंने कहा कि "घर में धन नहीं, धर्म को मुख्य बनाइए, तभी जीवन धन्य होगा।" लोभ, मोह और लालच को त्यागकर धर्म की विजय का संदेश भी उन्होंने श्रद्धालुओं को दिया। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया। इधर यज्ञाचार्य पंडित संजय शर्मा के सान्निध्य में आयोजित नवकुंडात्मक महायज्ञ में प्रतिदिन 42 यजमान आहुतियां दे रहे हैं। सोमवार को व्यासपीठ की आरती राधेश्याम कंठली एवं राजेश कंठाली द्वारा की गई। आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ तथा आयोजन समिति द्वारा वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील पाटीदार ने किया।

# पीएम मानधन योजना अंतर्गत पंचायत में ग्रामसभा संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पीएम मानधन योजना के तहत कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन में श्रम विभाग अंतर्गत 18-40 वर्ष आयु के सभी महिला पुरुष सीएससी सेंटर पर पीएम मानधन योजना में पंजीयन करा सकते हैं। इस उद्देश्य को लेकर ग्राम पंचायत छतरपुरा में सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार, सचिव सागर चौहान की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे जिन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी दी ।सरपंच पाटीदार ने बताया कि योजना का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को मिलने के उद्देश्य को लेकर सभा का आयोजन किया गया। रोजगार सहायक सचिव नंदकिशोर पाटीदार ने बताया कि ग्राम सभा के दौरान वन अधिकार पट्टो के लिए 5 आवेदन आए हैं। इस दौरान सभी पंच व ग्रामीण उपस्थित रहे।